# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–03 मई 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में राजस्व विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने राजस्व वादों के समयबद्ध निस्तारण और भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री ने कहा कि जनहित में राजस्व मामलों का निस्तारण समय सीमा के भीतर ही कराया जाए। चकबंदी से जुड़े मामलों में तकनीकी और पारदर्शिता का सहारा लिया जाए । उन्होंने अविवादित वरासत मामलों का पंद्रह दिन में अनिवार्य तौर पर निस्तारण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि साढ़े तीन लाख आपदा पीड़ितों को डीबीटी से मदद दी जाए। साथ ही कृषक दुर्घटना के सभी मामले दस दिन में निपटाए जाएं। उन्होंने नामांतरण वाद की प्रक्रिया को पूर्णतः ऑटोमेट करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्राधिकरणों के लैंडयूज डेटा को खतौनी पर प्रदर्शित किया जाए। समाचार कक्ष से मैं वेद प्रकाश पाठक।**

बैठक के दौरान राजस्व परिषद के पोर्टल को रीडिजाइन करने के बारे में भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने लेखपाल से लेकर आयुक्त तक एकीकृत डैशबोर्ड तैयार करने का भी निर्देश दिया ताकि विभागीय निगरानी सरल हो सके।

**********

प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सभी जिलों में वन ट्रिलियन डॉलर ओटीडी सेल बनाया जाएगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की देखरेख में यह पहल हुई है। प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार ओटीडी सेल जिलाधिकारी की अध्यक्षता में काम करेगा और इसमें जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सह संयोजक होंगे। करीब एक दर्जन जिला स्तरीय अधिकारी इसके सदस्य होंगे। जिलाधिकारी आवश्यकतानुसार प्रतिष्ठित शिक्षाविदों और उद्योगपतियों को भी इस समिति में शामिल कर सकेंगे। इस सेल का उद्देश्य राज्य की अर्थव्यवस्था के अनुसार जिले में हो रहे प्रयासों की नियमित समीक्षा और इस दिशा में जिलों के योगदान में तेजी लाना है।

**********

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि परिसर के साठ प्रतिशत हिस्से को हरियाली से सुसज्जित किया जाएगा। यह निर्णय श्री राम जन्मभूमि भवन निर्माण समिति की बैठक में लिया गया है। रामकथा संग्रहालय में हुई इस बैठक में फैसला हुआ है कि परिसर में आठ एकड़ में पंचवटी उद्यान स्थापित किया जाएगा। इसमें फलदार और प्राचीन पेड़ों के पौधे लगाए जाएंगे। निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि बैठक के दौरान रामकथा संग्रहालय को श्रद्धालुओं के लिए खोलने पर भी चर्चा हुई।

**अनुमान यह किया जा रहा है कि म्युजियम श्रद्धालुओं के लिए एक सार्वजनिक दृष्टि से अप्रैल दो हजार छब्बीस तक जो है, इसकी अनुमति दे दी जाएगी। कि वहां पर श्रद्धालु आ सकें और जो भी गैलरीज हैं उसको आकर देख सकें।**

**********

गूगल, मेटा और माइक्रोसॉफ्ट सहित सात वैश्विक फर्मों ने आज मुंबई में वेव्स शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईसीटी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। आईआईसीटी की स्थापना चार सौ करोड़ रुपये की फंडिंग के साथ मुंबई में की जाएगी। इस अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आने वाले दिनों में आईआईसीटी, आईआईटी और आईआईएम के समान मान्यता प्राप्त करेगा।

इसी क्रम में वेव्स के तहत आज कम्युनिटी रेडियो सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने कहा कि सभी कम्युनिटी रेडियो किसी न किसी उद्देश्य के लिए काम कर रहे हैं और हमारी परंपरा को बढ़ावा दे रहे हैं। सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

**********

समग्र क्षेत्रीय केंद्र सीआरसी गोरखपुर द्वारा कुशीनगर जिले में पडरौना के रविंद्रनगर स्थित मूक बधिर इंटरमीडिएट कॉलेज में दिव्यांग चिन्हीकरण शिविर का छह मई को आयोजन होगा। यह जानकारी जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी अभय पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि जिले के चिन्हित दिव्यांगजनों को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राइसाईकिल वितरित की जाएगी।

**********

पांच से अठारह वर्ष की आयु के बच्चों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार–दो हजार पचीस के लिए नामांकन इस वर्ष इकतीस जुलाई तक कराये जा सकते हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार राष्ट्रीय स्तर का प्रतिष्ठित पुरस्कार है जो बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में आगामी सात मई तक, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आठ मई तक कुछ स्थानों पर वर्षा की संभावना जताई है। विभागीय पूर्वानुमान के मुताबिक आज से पांच मई तक बारिश के साथ साथ तेज सतही हवाएं चलने की भी संभावना है। प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में छह मई तक वज्रपात और तेज झोंकेदार हवा चलने की भी चेतावनी दी गई है। इन इलाकों में सात मई को भी वज्रपात को लेकर मौसम विज्ञान विभाग ने चेतावनी दी है।

**********